कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–4/रजीगृ/जीव विज्ञान/स्थानान्तरण/2019–20 दिनांक–29.09.2019 के तहत श्रीमती मंजु लता, व्याख्याता, जीव विज्ञान का स्थानांतरण शहीद मेजर पुरणसिंह रा. फोर्ट उमावि, बीकानेर से राआउमावि, छतरगढ़, खाजूवाला, बीकानेर किया गया। श्रीमती मंजु लता ने अपने स्थानांतरण के विरूद्व माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, चलपीठ जोधपुर में अपील संख्या 558/2019 श्रीमती मंजु लता बनाम राज्य सरकार एवं अन्य दायर की। माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, चलपीठ जोधपुर ने अपने निर्णय दिनांक 16.10.2019 में अपीलार्थिया को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम प्राधिकारी को एक अभ्यावेदन पेश करते हुए और अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में अभ्यावेदन निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थिया श्रीमती मंजु लता द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर अपील के निस्तारण की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

अपीलार्थिया से प्राप्त संबंधित अभिलेखों का राज्य सरकार और विभाग के दिशा निर्देशों/परिपत्रों और नियमों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। चूंकि अपीलार्थिया का समायोजन पूर्व में ही आदेश क्रमांक– शिविरा/मा/संस्था/सी–4/रजीगृ/जीव विज्ञान/स्थानान्तरण/2019–20/139 दिनांक–17.10.19 के द्वारा राबाउमावि, कालू, बीकानेर किया गया एवं अपीलार्थिया द्वारा राबाउमावि, कालू, बीकानेर में दिनांक 21.10.2019 को कार्यग्रहण कर लिया गया है।

उपर्युक्त परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए अपीलार्थिया का अभ्यावेदन एतद्द्वारा खारिज किया जाकर निस्तारित किया जाता है।

सभी संबंधित पक्षकार सूचित होवे।

(नथमल डिडेल),
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक: शिविरा/माध्य/सी–4/रजीगृ/अभ्यावेदन/मंजु लता/को.के/19–20 दिनांक:– 28-11-19

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, चुरु।
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जोधपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्राधानाचार्य राबाउमावि, कालू, बीकानेर ।
9. कार्मिक मंजु लता, व्या0 जीव विज्ञान राबाउमावि, कालू, बीकानेर ।
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर